राज्यपाल ने फ्लैट्स का शिलान्यास किया 14-10-2017

रोहतक, 14 अक्टूबर। हरियाणा के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने आज विश्वविद्यालय में बचपन बाल वाटिका तथा 36 टाइप-ए फ्लैट्स का शिलान्यास किया। ये शिलान्यास नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में हरियाणा की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रीमती कविता जैन तथा सहकारिता राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मदवि कुलपति प्रो. बिजेन्द्र कुमार पूनिया ने बताया कि बचपन बाल वाटिका 50 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 4.5 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया जाएगा। इस बाल वाटिका में बच्चों के लिए झूले, आदि की व्यवस्था होगी। लगभग 500 मीटर पैदल चलने का ट्रैक भी इस बाल वाटिका में होगा। वहीं, लगभग 500 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 36 टाइप वन-ए फ्लैट्स गैर शिक्षक कर्मियों के लिए निर्मित किए जाएंगे। प्रत्येक फ्लैट में 707 स्कैवर फीट कार्पेट एरिया रहेगा। इस शिलान्यास कार्यक्रम में श्रीमती सुमेधा कैलाश, पं बीडी शर्मा स्वास्थ्य एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपी कालरा, कुलसचिव जितेन्द्र भारद्वाज, अधिशासी अभियंता जगदीश दहिया, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, विवि के अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

VIP ENTRY